# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


**7.1.9- Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens**

Rajiv Gandhi Government College for Women is committed to sensitizing students and employees about their constitutional obligations, encompassing values, rights, duties, and responsibilities. Through a range of curricular and extracurricular activities, we strive to nurture them as conscientious citizens contributing positively to the country.

Curriculum Integration: The college curriculum includes courses such as Introduction to the Constitution of India, Gandhian Economic Thought, Moral Philosophy, Practical Ethics, Value Education, Philosophy of Human Rights, and Applied Philosophy.

National Festivities and Inspirational Talks: National festivals are celebrated with fervor, accompanied by flag hoisting ceremonies and addresses by eminent personalities who illuminate the virtues of freedom fighters and underscore citizens' duties and responsibilities. Policies and a code of conduct are instituted to uphold core values, ensuring a conducive environment for learning and growth.

Student Empowerment and Leadership: Students are encouraged to participate in sports, NCC, NSS, and Student Council elections, fostering a sense of national unity and leadership development. Elected representatives undergo leadership training and spearhead various college initiatives, supported by fellow student volunteers.

Staff Involvement and Awareness Campaigns: Staff members actively participate in national celebrations and take oaths to uphold the nation's cause. The institution organizes awareness campaigns, orientation programs, training sessions, seminars, and workshops to sensitize future leaders to ethical values and constitutional obligations.

Promoting Fundamental Duties and Rights: Various academic and co-curricular activities, including seminars, conferences, expert talks, and competitions, are organized to propagate fundamental duties and rights among students. Legal awareness camps and visits to parliament house further enrich students' understanding of constitutional obligations.

Community Outreach and Responsibility: The institution engages in various extension activities aimed at instilling values for responsible citizenship, such as blood donation camps, workshops on human rights, financial awareness programs, and environmental initiatives like Van Mahotsav day, Earth Day etc.

In essence, our institution is dedicated to nurturing socially conscious individuals who not only understand their constitutional obligations but also actively contribute to the betterment of society. Through a holistic approach encompassing education, engagement, and community outreach, we strive to foster a culture of civic responsibility and ethical citizenship among our students and employees.

RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com

# पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने तथा इसे संरक्षित रखने का संदेश दिया

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार के निर्देशानुसार ललित कला विभागाध्यक्ष प्रो. सतविंदर चौहान, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मपाल सिंह व महाविद्यालय मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने महाविद्यालय में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने तथा इसे संरक्षित रखने का संदेश दिया। ऐसा माना जाता है कि एक स्वस्थ वृक्ष अपने जीवनकाल में एक से अधिक मनुष्यों के लिए पर्याप्त आक्सीजन प्रदान करता है।साथ ही यह भी सत्य है कि पेड़-पौधों की अधिकता वाले स्थान अन्य स्थानों की तुलना में अधिक शीतल होते हैं। इस प्रकार वृक्ष वातावरण का संतुलन बनाए रखने मे भी सहायक होते हैं।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


# एड्स के बारे में संपूर्ण जानकारी से ही बचा जा सकता है: प्रो. दिसोंदिया



**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिल महाविद्यालय में प्राचार्य सुधीर कुमार व कुशल निर्देशन में रेड रिबन क्लब व तत्वाधान में 1 अगस्त से 31 अगस्त त अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत चल वाली गतिविधियों का आयोजन किया गय इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता लाना है। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो मं दिसोंदिया ने बताया की एचआईवी एड्स के संदर्भ में उचित एवं सटीक जानकारी ही हमा बचाव कर सकती हैं तथा एड्स से बचाव के लिए अनुशासित यौन जीवन शैली, एचआई एड्स के बारे में संपूर्ण जानकारी से ही इससे बचा जा सकता है। साथ ही यह भी बताया व नियमित व्यायाम एवं संतुलित आहार को जीवन का आधार बनाना चाहिए ।उन्होंने एचआई एड्स से संबंधित हेल्पलाइन नं 1097 एवं संबंधित ऐप की उपयोगिता के संबंध में बच्चों व अवगत करवाया।छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर रेड रिबन क्लब के सिंबल को दर्शा साथ ही 1097 का प्रतिनिधित्व करने वाली मानव श्रृंखला बनाई। छात्राओं ने कमल, मुस्का मनीषा, तनु, अनु, सरगम, नेहा और सहाना ने बड़ चढ़ कर भाग लिया। साथ ही इस अवस पर यूथ रेड क्रॉस नोडल ऑफिसर अजीत कुमार, प्रो. अनीता, प्रो. ललित कुमार, प्रो. कवि खंडेलवाल, डॉ. रेनू बाला, डॉ. रामबीर विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


अभिनय 1857 की क्रांति में उदमीराम की शहादत के बारे में बताया, नाटक का लेखन और निर्देशन रंगकर्मी कृष्ण नाटक ने किया

## महिला महाविद्यालय में 'उदमीराम' का मंचन

संवाद न्यूज एजेंसी

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में रंग गली थियेटर ग्रुप द्वारा उदमीराम नाटक का मंचन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर शर्मा के सानिध्य में आयोजित नाटक में रंग कर्मियों ने बेहतर अभिनय किया।

उदमीराम नाटक का लेखन और निर्देशन रंगकर्मी कृष्ण नाटक ने किया। उन्होंने बताया कि रंग गली थियेटर ग्रुप का उद्देश्य वीरों की गाथा को नाटक द्वारा लोगों तक पहुंचाया जाना है। उन्होंने बताया कि नाटक गांव लिबासपुर जिला सोनीपत के रहने वाले उदमीराम और उनके क्रांतिकारी साथियों पर आधारित है। जिन्होंने सन 1857 की क्रांति में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपनी शहादत दी, लेकिन विडंबना यह है कि इन क्रांतिकारियों की शहादत इतिहास के पन्नों में दफन हो कर रह गई। नाटक के मंचन में रंगकर्मी सोनू रोंझिया, पुलकित आर्य भी मौजूद रहे।

मंच संचालन डॉ एवी शर्मा ने किया। उदमीराम नाटक में जिन क्रांतिकारियों को दिखाया गया है उनमें मुख्य उदमीराम और उनकी पत्नी रतनी देवी, जसराम, रामजस, रतिया, गुलाब सिंह, भोलानाथ, भतेरी, सीताराम, रामकली काकी इत्यादि क्रांतिकारी शामिल थे। इनके किरदार अविनाश चौहान, मधु, अमित, बलजीत मोर, गोविंदा, दीपक, अजय, समर्थ, अजहर (वर्णनकर्ता), अजय सुपवा, संगीता नाटक ने निभाया है। अन्य कलाकारों में जिन्होंने ब्रिटिश ऑफिसर्स का किरदार निभाया है उनमें अजीत नाटक, अजीत जांगड़ा, भगवत, गौरव, मीनू, दीपक शामिल है।



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में नाटक का मंचन करते कलाकार। विज्ञप्ति

RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI
HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)
AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118
Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com

# राजकीय महिला महाविद्यालय में यज्ञ से सत्र का किया आगाज



*हवन-यज्ञ में आहुति डालते हुए प्राचार्य व स्टाफगण।*

भिवानी, 7 सितम्बर (ब्यूरो): राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में भारतीय शिक्षा मंडल के जिलाध्यक्ष व महाविद्यालय प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा की अध्यक्षता में महाविद्यालय प्रांगण में ब्रह्म रामफल आर्य के निर्देशन में सत्र 2022-23 के शुभारंभ व सर्वकल्याण व विश्व शांति हेतु यज्ञ किया गया।

यज्ञ की पूर्णता हेतु प्राचार्य डा. सुधीर शर्मा ने अर्धांगिनी सुमन शर्मा के साथ संकल्प लिया और मंत्रोच्चारण के साथ प्राध्यापकवृंद, छात्राओं के सान्निध्य में यज्ञ में आहुतियां डालीं।

इस दौरान छात्राओं में शिक्षा व शिक्षकों के प्रति समर्पण, निष्ठा, आज्ञाकारिता जैसी गुणग्राहकता विकसित करने के लिए अनेक प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर उप-प्राचार्या प्रो. श्वेता, प्रो. ईशा, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. अनीता, प्रो. नरेंद्र, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. भीष्म नारायण आदि मौजूद रहे।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


शुक्रवार 30 सितम्बर, 2022



## पौधों के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती: प्रो. मुकेश

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी के प्रांगण में प्रो. मुकेश ने फलदार पौधे लगाकर पौधारोपण किया। पौधों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इनसे हमें ऑक्सीजन मिलती है और ये कार्बन डाइऑक्साइड को सोखते हैं। इनसे वन्यजीवों को जीवन मिलता है। पौधे बाढ़ और मिट्टी के कटाव को रोकने में मदद करते हैं। पौधों के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अंत में एक दार्शनिक की बात बताते हुए कहा कि वह जो पेड़ लगाता है अपने अलावा दूसरों से भी प्यार करता है। इस अवसर पर प्रो. अजीत कुमार, प्रो. शशिकांत व महाविद्यालय के माली मौजूद रहे।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


शुक्रवार 21 अक्टूबर, 2022

# रा.गा.रा. महिला महाविद्यालय में 'भारत एक खोज एंड गांधी केम' किया प्रसारण

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी में अंग्रेजी विभाग द्वारा कार्यकारी प्राचार्या डॉ श्वेता की अध्यक्षता में तीन दिवसीय दृश्य सहायता के माध्यम से शिक्षण के अंतरगत बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए पाठ्यक्रम कंठपुरा पर आधारित चलचित्र 'भारत एक खोज एंड गांधी केम' का प्रसारण करवाया गया ,जिसमें छात्राओं ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया । कंठपुरा राजा राव द्वारा लिखित एक उपन्यास है जिसमें भारत की स्वतंत्रता से पूर्व की घटनाओं तथा मानव जीवन पर गांधीजी के प्रभाव का वृतांत है।इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ विजेता व विभाग के सभी प्राध्यापक- गण मौजूद रहे !सभी छात्राओं ने बड़ी रूचि के साथ चलचित्र का आनंद उठाया और उन्होंने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि चलचित्र के माध्यम से देखी गई उपन्यास की हर घटना उनके स्मृति पटल पर सदैव तरोताजा रहेगी ।अंत में उपन्यास के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया!



RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI
HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)
AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118
Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com

# स्वयं सेविकाओं ने देश प्रेम की भावना व राष्ट्रीय एकता को उजागर किया

**राजीव** गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य दलबीर सिंह के निर्देशन में तथा एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. मंजू दिसोदिया के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में एन.एस.एस. स्वयं सेविकाओं द्वारा शपथ ग्रहण की गई। इसके बाद एन.एस.एस. स्वयं सेविकाओं द्वारा 2 किलोमीटर तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया, जिसमें स्वयं सेविकाओं द्वारा देश प्रेम की भावना व राष्ट्रीय एकता को उजागर किया गया। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि इस अवसर पर प्रो. ललित काजल, प्रो. अनीता, प्रो. कविता, डा. नवीन कुमार, डा.रामबीर भी उपस्थित रहे।

# स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com

दैनिक भास्कर भिवानी भास्कर 01-11-2022

## राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ ली



**भिवानी|** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य दलबीर सिंह के निर्देशन, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. मंजू दिसोंदिया के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में एनएसएस स्वयं सेविकाओं द्वारा शपथ ग्रहण की। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा 2 किलोमीटर तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जिसमें स्वयं सेविकाओं द्वारा देश प्रेम की भावना व राष्ट्रीय एकता को उजागर किया। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि इस अवसर पर प्रो. ललित काजल, प्रो. अनीता, प्रो. कविता, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. रामबीर आदि मौजूद रहे।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


**शुक्रवार 11 नवम्बर, 2022**

# मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार तथा प्राचार्य दलवीर गोदारा के निर्देशन में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वोट मेकिंग क्लब के सयोंजक प्रो. धर्मपाल सिंह की देखरेख मे किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने साइकिल रैली निकाली। इस अवसर पर प्रो. श्वेता, प्रो.सतविंद्र




चौहान, प्रो. मंजू, डा. रेनू बाला, प्रो. अजीत कुमार आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही रसायन विभाग द्वारा डा. ज्योति की अध्यक्षता में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 40 छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के माध्यम से 5 टीमों का चयन किया गया। इसके बाद फोटो पहचानो राउंड, बहुविकल्पीय प्रश्न उत्तर राउंड इत्यादि के माध्यम से विजेताओं का चयन किया गया। क्विज मास्टर की भूमिका डा. नवीन कुमार ने निभाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या, मनीषा, ममता, रश्मि, द्वितीय स्थान कोमल, टीना, रीना, वंदना, तृतीय स्थान पर स्वीटी, राधिका, वैष्णवी, संजना ने प्राप्त किया। प्रो. श्वेता ने विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. मोनिका, डॉ0 रूपम, प्रो. सुषमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा प्रो. विजेता, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. मुकेश, प्रो. शर्मीला आदि मौजूद रहे।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com

Bhiwani Kesari

Nov 12, 2022 (IST)

## पंचायती राज व भारतीय युवा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पेश किए उम्दा विचार



*निबंध प्रतियोगिता में भाग लेती हुई छात्राएं।*

भिवानी, 11 नवम्बर (ब्यूरो): राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. दलबीर सिंह गोदारा की अध्यक्षता में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में विभागाध्यक्षा प्रो. रेखा शर्मा व प्रो. सुनीता के कुशल निर्देशन में पंचायती राज व्यवस्था तथा भारतीय युवा और राजनीति विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने स्वविवेक से अनेक नए-नए उम्दा विचारों का भी वर्णन किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने छात्राओं व राजनीति विभाग को इस सराहनीय प्रयास के लिए बधाई देते हुए समझाया कि मानव विकास के इतिहास में राजनीति व्यवस्था का बहुत बड़ा योगदान होता है, क्योंकि राजनीतिक व्यवस्था जितनी सुदृढ़ और पारदर्शी होगी, मानव जीवन उतनी ही निश्चिंतता के साथ विकास को समर्पित हो सकेगा। युवा ओज व तेज का पर्याय होता है। अत: युवा शक्ति को सदैव सचेत रहकर योग्य प्रत्याशी को चुनना चाहिए और स्वयं भी प्रतिभागिता देकर राष्ट्र को मजबूत बनाना चाहिए।

विभागाध्यक्षा प्रो. रेखा शर्मा ने प्रेरणा देते हुए निबंध के विषयों पर प्रकाश डालते हुए विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने की सराहना की और कहा कि हमेशा विद्यार्थियों का ऐसी प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनना न सिर्फ उन्हें जागरूक बनाता है, बल्कि विकास के अवसर भी देता है। अंत में प्रतियोगिता के विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा ईशा ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं ज्योति व अनु ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका प्रो. मंजीत व प्रो. भामा ने निभाई। इस मौके पर प्रो. श्वेता, प्रो. परमानंद, प्रो. नरेंद्र कुमार, प्रो. धर्मपाल सहित अनेक प्राध्यापकवृंद मौजूद रहे।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


**Bhiwani Kesari**
**Nov 15, 2022 (IST)**

# राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में किया पौधारोपण


भिवानी, 14 नवम्बर (वजीर): राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में भौतिकी, रसायन, गणित, कम्प्यूटर साइंस, वाणिज्य, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान व अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापकों द्वारा पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के पेड़ व गुलाब के फूलों के पौधे लगाए गए।

प्राध्यापकों ने पौधारोपण करते हुए अपने छाया चित्र लेकर विभिन्न सोशल मीडिया साइट्स पर प्रदर्शित किए, ताकि समाज को जागरूक किया जा सके।

प्राध्यापकों ने छात्राओं को संबोधित कर बताया कि पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण के लिए बहुत उपयोगी हैं। हमें पेड़-पौधे अपने घरों, घर के आसपास और अपने कार्यस्थल पर अवश्य लगाने चाहिएं तथा उनकी समय-समय पर देखभाल भी करनी चाहिए।

कार्यकारी प्राचार्या प्रो. रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने घरों में शुद्ध ऑक्सीजन देने वाले पौधे जरूर लगाने चाहिएं।

इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्या प्रो. रेखा शर्मा, डा. नवनीत सिंह ढांडा, प्रो. अजीत कुमार, डा. रेणु बाला, प्रो. शशिकांत, प्रो. मंजू, डा. ज्योति, प्रो. मोनिका आदि मौजूद रहे।



RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


Page No - 16

# एनएसएस विद्यार्थियों ने स्लम एरिया में बढ़ाया दोस्ती का हाथ



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर में भाग लेती छात्राएं। ● विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, भिवानी : राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य दलबीर सिंह गोदारा के नेतृत्व में एनएसएस यूनिट ने शिविर का आयोजन किया।

एनएसएस एक व दो के प्रोग्राम आफिसर रेनू बाला और मंजू दिसोदिया की अगवाई में यह आयोजन किया गया। प्रातः स्तर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मध्यान्ह सत्र में छात्राओं ने श्रमदान कर स्वच्छता के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा बिना स्वच्छता के मानव जीवन व्यर्थ एवं निरर्थक है। तत्पश्चात वालंटियर ने स्लम एरिया में जाकर खाने पीने की चीज एवं कॉपी पेंसिल देकर दोस्ती का हाथ बढ़ाया। छात्राओं ने इन सबके साथ साथ पर्यावरण पर पूरा ध्यान देकर पौधरोपण कर हरियाली बढ़ाई। इस पूरे शिविर के दौरान वालंटियर ने स्वच्छता, पर्यावरण, भाईचारे एवं एनएसएस के बारे में समझाते हुए हमारे कर्तव्य के प्रति जागरूक किया।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com



**Bhiwani Kesari**
**Nov 23, 2022 (IST)**


## इंटर कॉलेजिएट स्टेट महिला जूडो प्रतियोगिता में छात्राओं ने झटके पदक

भिवानी, 22 नवम्बर (ब्यूरो): राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी सहायक प्रोफैसर अजीत कुमार ने बताया कि हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा एम.के.जे.के. महाविद्यालय रोहतक में हरियाणा इंटर कॉलेजिएट स्टेट महिला जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की तरफ से 4 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की 2 छात्राओं ज्योति एवं प्रिया ने अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त विभिन्न राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेलों की ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी की टीम के लिए फाइनल सिलैक्शन ट्रायल आर्चरी में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा सोनिया, बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिंका, कराटे में बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा राम भतेरी, ताइक्वांडो में बी.एससी. प्रथम वर्ष की छात्रा रवीना, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा संगीता, वुशू एवं ताइक्वांडो में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा करिश्मा, बॉक्सिंग में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा जिज्ञासा एवं ऋतु, कुश्ती में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा राजू एवं काजल, जूडो में बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा मंजू ने अपने-अपने खेल में अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



*इंटर कॉलेज स्टेट महिला जूडो प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने वाली छात्राएं प्राचार्य व प्रोफैसर्स के साथ।*

अब ये खिलाड़ी विभिन्न राज्यों में होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामैंट में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय भिवानी का अपने-अपने खेलों में प्रतिनिधित्व करेंगी। सभी खिलाड़ियों का महाविद्यालय में पहुंचने पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डा. राजेश कुमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कार्यकारी प्राचार्य डा. राजेश कुमार, डा. परमानंद, सहायक प्रोफैसर प्रीति, सहायक प्रोफैसर लक्ष्मी, सहायक प्रोफैसर सोनिया आदि स्टाफ सदस्यों ने सभी उनको सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


## रा. गां. रा. महाविद्यालय में नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में कार्यकारी प्राचार्या प्रो. श्वेता की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रभारी प्रो. अनीता शर्मा के कुशल निर्देशन में 10 दिवसीय नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक का दायित्व संजीव शर्मा निदेशक, मुद्रा नृत्य अकैडमी ने संभाला। छात्राओं में नृत्य सीखने के लिए विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने इस कार्यशाला में बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में हरियाणवी नृत्य कला के महत्वपूर्ण गुर, सावधानियां, मूलभूत नियमों के विषय में समझाते हुए ताल मिलाने के तालीम दी गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए प्रो. श्वेता ने छात्राओं, प्रशिक्षक तथा महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों का इस कुशल आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि नृत्य कला जीवन को निखारने और संवारने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य न सिर्फ एक कला है, बल्कि शरीर के स्वास्थ्य के लिए अच्छा व्यायाम तथा आत्मविश्वास विकसित करने का अच्छा साधन भी है।नृत्य के माध्यम से मानव अपने मनोभावों को बड़े सुंदर तरीके से अभिव्यक्त कर सकता है और तनाव से मुक्ति भी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया और कार्यशाला के सुखद परिणामों की शुभकामना भी प्रेषित की ।मंच संचालन प्रो.भामा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. नविता, प्रो. सीमा, प्रो. दीपक, प्रो. सुमित्रा सहित अनेक प्राध्यापक वृंद मौजूद रहे।



# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com



दैनिक भास्कर

भिवानी भास्कर 26-11-2022


## भिवानी

राजकीय महिला महाविद्यालय में सम्मान एक प्रयास समिति ने लगाया चिकित्सा जांच शिविर

# शिविर में की गई हीमोग्लोबिन स्तर, रक्त समूह और शुगर स्तर की नि:शुल्क जांच

भास्कर न्यूज़|भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सम्मान एक प्रयास समिति की ओर से हीमोग्लोबिन स्तर, रक्त समूह एवं शुगर जांच शिविर लगाया।

सम्मान एक प्रयास समिति के महासचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य दलबीर सिंह गोदारा ने रिबन काटकर किया।



भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में चिकित्सा जांच शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ करते प्राचार्य दलबीर सिंह गोदारा।

**30 नवंबर को होगा महिला रक्तदान एवं दंत जांच शिविर:**

समिति संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि आप सब इस तरह के शिविर में जरूर भाग लें क्यों कि आज के खानपान से जो प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है या हमारे शरीर में किसी भी प्रकार के तत्वों की कमी या ज्यादा होने का पता हमें समय पर चल जाता है तो हम उसका इलाज समय पर करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को समिति इसी महाविद्यालय में महिला रक्तदान एवं दंत जांच शिविर लगाएगी। शिविर में प्राचार्य सहित महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों व छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। समिति के उपाध्यक्ष डॉ. नवनीत सिंह ढांडा ने शिविर के समापन पर प्राचार्य, चिकित्सक टीम सदस्यों, स्टाफ सदस्यों, डॉ. सुमित्रा, एनएसएस, एनसीसी, रेडक्रॉस वालंटियर का शिविर में अनुशासन को बनाए रखने में सहयोग करने एवं अन्य छात्राओं का शिविर में पहुंचने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार, डॉ. नवनीत ढांडा, प्रदीप कुमार, अनिल परमार, अजीत कुमार, प्राचार्य दलबीर सिंह गोदारा, उप-प्राचार्या श्वेता, एसोसिएट प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. परमानंद, डॉ. सविता गौड़, सहायक प्रो. सीमा बुमरा, सहायक प्रो. सुमन, सहायक प्रो. मंजू, डॉ. रेनू बाला, डॉ. नविता, डॉ. मिनाक्षी, डॉ. ज्योति, डॉ. राकेश वशिष्ठ, दिनेश शर्मा और आकाश तंवर आदि उपस्थित रहे।

RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI


HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com



# राजीव गांधी महिला महाविद्यालय में संविधान प्रस्तावना की ली शपथ



संविधान दिवस पर राजीव गांधी महिला महाविद्यालय में संविधान प्रस्तावना की शपथ लेते विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य। ● विज्ञप्ति।

भिवानी, वि. : राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान संविधान प्रस्तावना की शपथ ली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संविधान की ताकत के बारे में अवगत कराया। विद्यार्थी इस आयोजन को लेकर उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में कार्यकारी प्राचार्य डा. राजेश कुमार की अध्यक्षता रही। एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. रेनू बाला और प्रो. मंजू दिसोदिया के निर्देशन में यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी एनएसएस वालिंटियर्स को संविधान की प्रस्तावना पढ़ाई गई और संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। एनएसएस स्वयंसेविका उमा देवी ने इस अवसर पर अपने विचार रखे और बताया कि किस तरह आज संविधान को सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है।

इस अवसर पर डा. परमानंद , डा. नवनीत, डा. अनीता शर्मा, डा. सविता एवं मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ,प्रो. ललित एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


## रा.गां.रा. महिला महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस



**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में संविधान दिवस कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता एवं एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रेनू बाला और प्रो. मंजू दिसोदिया के निर्देशन में मनाया गया। इस अवसर पर सभी एन.एस.एस. वॉलिंटियर्स को संविधान की प्रस्तावना पढ़ाई गई और संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। एन.एस.एस. स्वयंसेविका उमा देवी ने इस अवसर पर अपने विचार रखे और बताया कि किस तरह आज संविधान को सही तरह से लागू नहीं किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. परमानंद , डॉ. नवनीत , डॉ. अनीता शर्मा, डॉ. सविता एवं मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ,प्रो. ललित एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## रा.गां.रा. महिला महाविद्यालय में आर्थिक व शैक्षणिक व्यवस्था पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता व समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में विभागाध्यक्षा प्रो. मनजीत के मार्गदर्शन में शैक्षणिक व्यवस्था और आर्थिक व्यवस्था विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में आधुनिक समय में शिक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला तथा साथ ही भारत की बदलती अर्थव्यवस्था के बारे में भी बताया। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनीता ने प्रथम स्थान, बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा निशा और सुमन ने द्वितीय स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा राखी और निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका प्रो. सतविंदर चौहान, प्रो. धर्मपाल ने निभाई । इस अवसर पर प्रो. परमानंद, प्रो. अनिल, प्रो. सुनीता, प्रो. सरोज, प्रो.सोनिया सहित अनेक प्राध्यापक वृंद मौजूद रहे रहे।



# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com

दैनिक भास्कर

भिवानी भास्कर 01-12-2022

## रक्तदान व दंत जांच शिविर का आयोजन




भिवानी | राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी में सम्मान एक प्रयास समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में महिला रक्तदान एवं दंत जांच शिविर किया गया। उन्होंने कहा कि समिति इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करती रहती है। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. राजकुमार मित्तल कुलपति चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय ने रिबन काटकर किया। उन्होंने रक्तवीरों को बैज लगाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


## युवाओं को हमेशा अपने चारित्रिक जीवन मूल्यों पर नजर रखनी चाहिए : गोदारा

### ■ राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

भिवानी, 1 दिसम्बर (ब्यूरो): राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय एड्स दिवस पर प्राचार्य दलबीर गोदारा की अध्यक्षता में रैड रिबन क्लब तथा मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रभारी प्रो. मुकेश कुमार तथा प्रो. अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मनोवैज्ञानिक चंद्रभान ने शिरकत की।

कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं तथा प्राध्यापकों को रैड रिबन लगाकर जागरूकता उत्पन्न की गई। मुख्य वक्ता ने एड्स से जुड़ी अनेक जानकारियों पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश डाला और समाज में फैली भ्रांतियों को समाप्त करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने छात्राओं की शंकाओं का समाधान प्रश्नोत्तरी के माध्यम से किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए गोदारा ने मुख्य वक्ता, छात्राओं व आयोजक मंडल का अभिनंदन करते हुए बधाइयां दीं तथा भारतीय संस्कृति व सभ्यता का उदाहरण देते हुए भारतीय सांस्कृतिक चेतना में मर्यादा के महत्व को सर्वश्रेष्ठ बताया।



*आयोजित व्याख्यान के दौरान छात्राएं एड्स से संबंधित श्रृंखला बनाती हुईं।*

अत: युवाओं को हमेशा अपने चारित्रिक जीवन मूल्यों पर नजर बनाकर रखनी चाहिए और जीवन को सुरक्षित रखते हुए विकास के सोपान चढ़ने चाहिएं। इस अवसर पर प्रो. अनिल, प्रो.मंजीत, प्रो. सुशीला, प्रो. प्रीति, प्रो. भामा सहित अनेक प्राध्यापकवृंद व रैड रिबन क्लब एवं यूथ रैडक्रास की स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।


# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


# रा.गां.रा. महिला महाविद्यालय में मनाया 'अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता व्यक्ति दिवस'



**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. दलबीर सिंह की अध्यक्षता एवं कैप्टन डॉ. सविता के निर्देशन में 'अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता व्यक्ति दिवस' का आयोजन किया गया । प्राचार्य दलबीर सिंह ने बताया कि यह दिवस हर वर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है । इस कार्यक्रम मे कैडेट्स द्वारा भाषण देकर कहा गया कि मनुष्य शारीरिक रूप से कभी भी असमर्थ नही होता है, बुद्धि से सभी कार्य सरल हो जाते है। ए.एन.ओ. सविता द्वारा बताया गया कि शारीरिक अपंगता किसी को भी कमजोर नही बनाती है। मानसिक शक्ति से किसी भी असाध्य लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम की समाप्ति सभी एन. सी. सी. कैडेट्स को शपथ दिलाकर की गयी। इस मौके पर कार्यकारी प्राचार्या डॉ श्वेता, प्रो रेखा शर्मा, प्रो ललित कुमार, प्रो. मंजू, प्रो. परमानंद, प्रो. नविता, प्रो. नवीन सहित एन. सी. सी., एस. यू. ओ. सिमरन, यू. ओ. प्रीति, यू. ओ. मोनिका और सी. पी. एल. दीपिका समेत समस्त महाविद्यालय परिवार मौजूद था।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com



भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी की ग्रुप फोल्क डान्स की छात्राओं ने यूथ फेस्टिवल में अपनी प्रस्तुति दी और प्रथम स्थान प्राप्त किया। छाया: चेतना

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


## स्वामी विवेकानंद के आदर्श जीवन में उतारें : गौड़

**जागरण संवाददाता, भिवानी :** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में युवा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के एनसीसी, यूथ रेड क्रास, एनएसएस व रेड रिबन क्लब की स्वयं सेविकाओं ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि युवा आयोग के चेयरमैन मुकेश गौड़ ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी युवाओं का आह्वान किया कि सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर, उनकी तरह ही देश का नाम रोशन करना चाहिए। विवेकानंद केंद्र से लाल बहादुर शास्त्री ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यकारी प्राचार्या प्रो. रेखा शर्मा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पूजा, तान्या व अंजली , द्वितीय स्थान पर आरती, साहिना व हिमांशी तथा तृतीय स्थान पर खुशी,मधु व नेहा रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मिडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि इस मौके पर प्रो. ललित कुमार, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. उदयभान, प्रो. नविता, प्रो. मीनाक्षी आदि मौजूद थे।




राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय मे स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम मे मौजूद युवा आयोग के चेयरमैन मुकेश गौड़ व अन्य। ● विज्ञप्ति

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


# 'बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका अधिकार' नारे के साथ रैली निकाली




*राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की एन.एस.एस.-1 यूनिट के साथ एन.एस.एस. अधिकारी व कॉलेज स्टाफ।*

भिवानी, 1 जनवरी (वजीर): राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में एन.एस.एस. के 7 दिवसीय कैंप के दूसरे दिन की शुरूआत स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान से की। मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि श्रमदान के बाद सभी ने योगा किया।

प्रोग्राम ऑफिसर डा. रेनू बाला ने शौर्य दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि किस प्रकार भीमा कोरेगांव में मुट्ठी भर भारतीयों ने अंग्रेजों की एक बहुत बड़ी सेना को अपने हिम्मत और जज्बे से खदेड़ा।

इसके अलावा उन्होंने सभी को इस बात से भी अवगत कराया कि किस प्रकार 1 जनवरी 1848 को पहली बार लड़कियों की शिक्षा के लिए माता सावित्रीबाई फुले एवं ज्योतिबा फुले ने एक स्कूल की शुरुआत कर महिलाओं की शिक्षा की नींव रखने का काम किया था।

दिन का विषय 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' रहा। लोगों को जागरूक करते हुए 'बेटी है अनमोल उपहार, शिक्षा है उसका अधिकार' नारे के साथ रैली निकाली। इसके बाद में देश भक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस में सभी ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

अतिथि के रूप में सी.बी.एल.यू. से डा. आशा पूनिया ने अपने जीवन के कुछ पहलु सभी के सामने रखे तथा अपने जीवन में अपनी पहचान बनाने के लिए को प्रेरित किया। स्वयं सेविकाओं ने अतिथि को तोहफे के रूप में पौधा भेंट किया।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI


HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com



जागरण सिटी भिवानी


# सावित्रीबाई फुले को पुष्प अर्पित, प्रेरणा लेने का आह्वान

## पहली महिला शिक्षिका को दी श्रद्धांजलि



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए शिक्षकगण। • विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, भिवानी :** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में चल रहे एनएसएस विशेष कैंप के चौथे दिन की शुरूआत प्राचार्य दलबीर गोदारा के नेतृत्व एवं एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. रेनू बाला व प्रो. मंजू के निर्देशन में एनएसएस गीत से की। सभी ने योग किया और योग के महत्व को जाना कि योग हमारे स्वास्थ्य के लिए कितना जरूरी है। सावित्री बाई फुले का जन्म दिवस के उपलक्ष में स्वीप गीत का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रो. पुनम जांगपाल ने सावित्री बाई फुले की प्रतिमा के सामने पुष्प अर्पित करके तथा मोमबत्ती जलाकर उनको नमन किया गया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को फोमेल राइट्स के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सावित्री बाई फुले के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिए। सावित्री बाई फुले पहली महिला शिक्षिका थी, जिन्होंने लड़कियों के लिए स्कूल व कालेज खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सायंकालीन सत्र में सभी स्वयं सेविकाओं ने डिग्री की थीम पर्यावरण संरक्षण और पराली प्रदूषण पर जागरूकता अभियान चलाया। मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि इस अवसर पर प्रो. उदयभान, प्रो. ललित, प्रो. मुकेश, डा. ज्योति व डा. सुषमा, प्रो. अनिल कुमार उपस्थित थे।

## सामाजिक चेतना के लिए सावित्रीबाई फुले का संघर्ष प्रेरित करता रहेगा

**भिवानी (वि.) :** सावित्रीबाई फुले को जन्म जयंती पर उन्हें सादर नमन। उन्होंने सामाजिक एकता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवयित्री थीं। सावित्रीबाई भारत के प्रथम कन्या विद्यालय में प्रथम महिला शिक्षिका थीं। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य की अग्रदूत माना जाता है। उक्त शब्द भाजपा नेता शैलिक शर्मा, कुलदीप नेहरा एवं रमेश चौधरी ने सावित्रीबाई ज्योति राव फुले की जयंती पर शिक्षिका धर्म कौर जी को सम्मानित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और उन्हें शिक्षित बनाना था। वे एक कवियत्री भी थीं उन्हें मराठी की आदिकवियत्री के रूप में भी जाना जाता था। सावित्रीबाई फुले की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करती है। इस अवसर पर शिक्षिका धर्म कौर, पूनम नेहरा, रमेशचौधरी, कुलदीप नेहरा, डा. योगेश, पंकज शर्मा, नरेंद्र, प्रदीप, राजेश, राजन, दीपक कुमार, भी उपस्थित थे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स एकेडमी ने किया सावित्रीबाई फुले को नमन



सावित्रीबाई फुले की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विभिन्न संगठनों के सदस्य। • विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, भिवानी :** दादरी गेट स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स एकेडमी के कार्यालय में भारत की प्रथम महिला अध्यापिका, समाज सुधारक एवं ज्ञान ज्योति माता सावित्री बाई फुले की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। एकेडमी के सदस्यों के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रधान सुरेश सैनी व रिटायर्ड सब ईंस्पेक्टर रोशनलाल वशिष्ट ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने सभी अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्हें प्रथम महिला शिक्षक कहलाने का गौरव प्राप्त हुआ। उन्होंने 1848 में बालिकाओं के लिए देश में पहला स्कूल पुणे में खोला। उसके बाद कई और विद्यालयों स्थापना की। हम सबको फुले से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करनी चाहिए क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जिससे हर व्यक्ति अपने स्वाभिमान के साथ अधिकारों को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर मास्टर सुरेंद्र दहड़, धर्मवीर जांगड़ा, नौरंग मेहरा, जितेंद्र तंवर बापोड़ा, छोटू जांगड़ा, रविंद्र, सुंदर सैनी नौरंगाबाद सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों की पढ़ाई के लिए पत्थर तक खाए, पर पीछे नहीं हटीं

- युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने किया संबोधित
- सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्प अर्पित किए

**संवाद सहयोगी, तोशाम :** युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने चौ. रघुबीर सिंह फार्म हाउस तोशाम में भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारतीय इतिहास का ऐसा नाम है जिन्होंने लड़कियों की पढ़ाई के लिए पत्थर तक खाए लेकिन पीछे नहीं हटी। अंग्रेजों का शासन होने के कारण लड़कियों की शिक्षा के लिए आवाज उठाना सावित्रीबाई के लिए और भी मुश्किल रहा। उन्होंने साल 1848 पुणे में पहले बालिका विद्यालय की शुरूआत की। जब वह स्कूल पढ़ाने जाया करती थी तो लोग उन पर गोबर व पत्थर फेंकते थे। सावित्री की कोशिशों से लोग धीरे-धीरे उनकी अहमियत समझने लगे। इस अवसर पर हरदीप दाला, सत्यवीर धूकला, हरेंद्र पंघाल, हरीश जाखड़, ओमप्रकाश स्वामी, कृष्ण सैनी, सोमबीर, कमल सैनी, राजेश रैगा अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



सावित्रीबाई फुले की जयंती पर पुष्प अर्पित करते कमल प्रधान व अन्य। • विज्ञप्ति

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


## राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदान जागरूकता व्याख्यान

# मतदाताओं के एक-एक वोट से तय होता देश की तरक्की एवं विकास

- छात्राओ को मतदान के प्रति जागरूक रहने व जागरूक करने की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ►► भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सचिव सीजेएम कपिल राठी के निर्देशन तथा भिवानी चुनाव कार्यालय के सहयोग से कॉलेज प्राचार्य दलबीर सिंह गोदारा की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रभारी प्रोफेसर मंजीत की कुशल देखरेख में मतदाता जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता चुनाव ब्रांड एंबेसडर अधिवक्ता प्रिया लेघा, प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता रविंद्र तंवर, विधिक स्वयंसेवक राजेश बिष्ट, सक्षम युवा अंतू रानी आदि ने शिरकत की व मतदाता के अधिकार व कानूनी जानकारी पर विस्तार से प्रकाश डाला। चुनाव ब्रांड एंबेसडर अधिवक्ता प्रिया लेघा व रविंद्र तंवर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतंत्र में मतदाताओं के महत्व को भी दर्शाता है।



भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदान के प्रति जागरुक रहने व करने की शपथ लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### चुनाव में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए भागीदारी

प्राचार्य डॉ. गोदारा ने कहा कि भारत देश की 65 प्रतिशत आबादी युवाओं की है, इसलिए देश के प्रत्येक चुनाव मे युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करनी चाहिए। प्रोफेसर रेखा शर्मा ने छात्राओं को मतदान के महत्व पर अनेक रोचक प्रसंग के माध्यम से प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ. भामा अग्रवाल ने बखूबी निभाया। सेमिनार में छात्राओ को मतदान के प्रति जागरूक रहने व जागरूक करने की शपथ दिलाई।

मतदाताओं की भागीदारी के बिना लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने वाले नए मतदाताओं को इस दिन मतदाता पहचान पत्र दिया जाता है। लोकतंत्र के इस त्योहार के दिन नागरिकों को उनके कर्तव्यों को याद दिलवाया जाता है, क्योंकि हर नागरिक का वोट नए भारत का निर्माण करता है। भारत की तरक्की और विकास वोटरों के एक वोट से तय होता है। मतदाता दिवस के दिन देशभर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में 18 साल के उम्र के वोटरों की पहचान की जाती है।

पात्र मतदाताओं में 18 साल के हो चुके युवा शामिल किए जाते हैं। इस दौरान प्रोफेसर श्वेता, प्रोफेसर विजेता, प्रोफेसर ईशा चौधरी, प्रोफेसर परमानंद, प्रोफेसर अनीता शर्मा, प्रोफेसर धर्मपाल सिंह, प्रोफेसर मुकेश, प्रोफेसर सतविंद्र चौहान, प्रोफेसर पुलकित, प्रोफेसर अनीता, प्रोफेसर सोनिया आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में विदाई पार्टी का आयोजन



*मिस परफैक्ट और मिस फेयरवैल के खिताब से सम्मानित करते प्राचार्या।*

भिवानी, 19 मई (ब्यूरो): राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्या प्रो. रेखा शर्मा की अध्यक्षता में प्रो. मनजीत, प्रो. सुनीता वर्मा और प्रो. ललिता के कुशल मार्गदर्शन में बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं के द्वारा फाइनल वर्ष के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया।

बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने अपने नृत्य, गीत, कैटवॉक के माध्यम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इंट्रो के माध्यम से अपने विचारों को सांझा किया।

मंच का संचालन बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया और तृतीय वर्ष की छात्रा अनी ने किया। प्रो. नविता, प्रो.रेनू बाला, प्रो. मंजू ने निर्णायक मंडल की भूमिका अदा की। अनी ने मिस परफैक्ट और प्रीति ने मिस फेयरवैल का पुरस्कार जीता।

प्रो. रेखा शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रो. विजेता, प्रो. श्वेता, प्रो. ईशा, प्रो. अनीता, प्रो. नविता, प्रो. सीमा सहित अनेक प्राध्यापक मौजूद रहे।

# RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, BHIWANI

HANSI ROAD, BHIWANI-127021 (HARYANA)

AISHE Code:- C-28016 Phone No. 01664-255118

Website:- www.gcwbhiwani.ac.in Email:- gcwbhiwani@gmail.com


## विश्व पर्यावरण दिवस पर रा.गां.रा.म. महाविद्यालय में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित



**भिवानी। चेतना संवाददाता।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में कार्यकारी प्राचार्या प्रो. रेखा शर्मा की अध्यक्षता एवं कैप्टन डॉ. सविता के कुशल निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे कैडेट्स ने खूब बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कैडेट तान्या, अंजली और पूजा ने सभी को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया और साथ ही साथ प्लास्टिक से बने पदार्थो को कम से कम प्रयोग करने को कहा। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता मे कैडेट कोनिका, कैडेट मीनू और कैडेट रीनू ने क्रमशः प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रो. रेखा शर्मा ने तीनों कैडेट्स को पुरस्कृत किया । इस अवसर पर पर प्रो. ईशा, प्रो. नवीता सहित सभी स्टाफ सदस्य और एनसीसी कैडेट्स तान्या, अंजली, पूजा, स्वाति, नीतिशा आदि उपस्थित रहे।

DaeBir Singh
*Principal,* 28/02/23
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI
Principal